10 मई 2013

जिला प्रशासन का गांव चुहड़माजरा (खण्ड पूण्डरी) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. इंदिरा प्रियदर्शिनी विवाह शगुन योजना के तहत 8 लाभार्थियों को 1 लाख 68 हजार रूपए उनके खातों में हस्तांतरित किए गए।

2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 120 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 38 डुप्लीकेट राशन कार्ड जारी किए गए।

4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के 487 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

5. विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 56 व्यक्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।

6. जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा लर्नर ड्राईविंग लाइसैंस के लिए 120 व्यक्तियों का मैडिकल चैक अप किया गया।

7. पशुपालन विभाग द्वारा 333 पशुओं का उपचार किया गया।

8. निर्वाचन कार्यालय द्वारा 169 नए वोट बनाए गए।

9. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 6 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए।

10. चीका स्थित गुरू गोबिंद सिंह राजकीय बहुतकनीकी संस्थान तथा कैथल स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 50 बच्चों को तकनीकी शिक्षा व करियर काउंसलिंग की जानकारी दी।

11. स्वास्थय विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थय शिविर में तैनात चिकित्सों द्वारा 453 लोगों का उपचार किया गया।

12. श्री ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा 160 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईंया वितरित की गईं।

13. श्री ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा वालीवाल खेल में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक हासिल करने वाली नौंवी कक्षा की छात्रा सुलोचना को 1100 रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई।

14. चुहड़माजरा में मनरेगा स्कीम के तहत 40 लाख रूपये की लागत से पार्क विकसित करने की घोषणा की गई तथा बच्चों की मांग पर स्कूल में वालीवाल मैदान बनाने की घोषणा भी की।